# माँ की ज्योत जगाओ सभी | By Passi Kesri |

ज्योत को शीश नवाओ सभी
गुण मइया जी के गाओ सभी

इस ज्योति को देवता पूजे,
और पूजे जग सारा,
स्वर्ग से सुंदर, बड़ा ही प्यारा,
अंबे मां का द्वारा।
द्वार की शोभा बढ़ाओ सभी,
गुण मइया जी के गाओ सभी।

ज्योत को शीश नवाओ सभी
गुण मइया जी के गाओ सभी

इस ज्योति से चंदन लेकर,
चमके चाँद सितारे,
शिव भोले और विष्णु ध्यावे,
ब्रह्मा वेद उच्चारे।
ज्योत के दर्शन पाओ सभी,
गुण मइया जी के गाओ सभी।

ज्योत को शीश नवाओ सभी
गुण मइया जी के गाओ सभी

जिस घर में मां ज्योत जागे है,
दुखड़े दूर हैं भागे।
ज्योत से जो भी माँगो मिलता,
खाली कभी न मोड़े।
पलविंदर गुण गाओ सभी,
गुण मइया जी के गाओ सभी।

ज्योत को शीश नवाओ सभी
गुण मइया जी के गाओ सभी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%81-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%9c%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a5%8b%e0%a4%a4-%e0%a4%9c%e0%a4%97%e0%a4%be%e0%a4%93-%e0%a4%b8%e0%a4%ad%e0%a5%80-by-passi-kesri/